आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- भारतीय नौसेना आज विशाखापत्तनम में अपने पूर्वी बेड़े में 17ए परियोजना के अंतर्गत निर्मित छठे स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि को शामिल करेगी।
- पूरे विश्व के साथ द्वीप समूह में भी आज विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है।
- कच्छाल द्वीप में अगले छ दिनों के भीतर एल पी जी आपूर्ति शीघ्र बहाल होगी।
- एम वी स्वराज द्वीप आज सुबह 10 बजे वाइज़ाग के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

भारतीय नौसेना आज विशाखापत्तनम में अपने पूर्वी बेड़े में 17ए परियोजना के अंतर्गत निर्मित छठे स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि को शामिल करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौसेना में युद्धपोत को औपचारिक रूप से शामिल करने के समारोह की अध्यक्षता करेंगे। भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन इकाई द्वारा तैयार की गई रूपरेखा के आधार पर मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में निर्मित युद्धपोत महेंद्रगिरि देश के अग्रणी स्वदेशी स्टील्थ युद्धपोतों में से एक हैं। यह युद्धपोत उन्नत स्टील्थ तकनीक, रडार से बचने और उच्च स्तर की स्वचालन प्रणाली से युक्त है। युक्त यह युद्धपोत नौसैनिक युद्ध के सभी आयामों में समुद्री अभियानों की पूरी श्रृंखला को अंजाम देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पोत के निर्माण में सूक्ष्म, लघु और मध्यम सहित बड़ी संख्या में भारतीय उद्योग शामिल हैं, जिससे देश के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूती मिली है और महत्वपूर्ण रोजगार सृजित हुए हैं।

<><><><><><><>

पूरे विश्व के साथ द्वीप समूह में भी आज विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है। इस साल विश्व जनसंख्या दिवस का नारा हैः 'जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल'। इसका उद्देश्य माँ और बच्चे की सेहत और बच्चों के जन्म के बीच सही समय और अंतर रखने के महत्व पर ज़ोर देना है। इस अवसर पर केन्द्रशासित स्वस्थाय मिशन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए गए है। इसमें पंचायती राज संस्थान के सदस्य, पैरामेडिकल स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर लोगों को परिवार नियोजन सेवाओं के बारे में जागरूक करेंगे।

इस आयोजन के तहत, आम लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए आज सुबह 10 बजे गुप्तापाड़ा के सामुदायिक सभागार में 'परिवार विकास मेला' आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से मॉनसून फेस्टिवल–2026 के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। यह प्रतियोगिता सभी के लिए खुली है, जो जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। प्रतियोगिता 14 जुलाई, को सुबह 9:30 बजे साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवेयरनेस हब, डॉलीगंज में 'पर्यावरण बचाओ, हमारी पृथ्वी बचाओ' थीम पर रखी गई है। चुनी गई पेंटिंग्स को मॉनसून फेस्टिवल–2026 के दौरान प्रदर्शित और विजेताओं को फेस्टिवल के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पी. सेंथिल कुमार से पंजीकरण करा सकते हैं। प्रतिभागियों को पेंटिंग का सामान साथ लाने को कहा गया है, जबकि ड्रॉइंग शीट विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने छात्रों, कलाकारों और आम जनता को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से कल स्वरांजलि नामक दो दिवसीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन कला एवं संस्कृति विभाग के निदेशक प्रियंका कुमारी ने मुख्य अतिथि के तौर पर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मानसून फेस्टिवल के हिस्से के रूप में मनाए जाने वाले इस समारोह का उद्देश्य आम जनता और पर्यटकों को अच्छा मनोरंजन देना और साथ ही द्वीपों के उभरते कलाकारों को संगीत और नृत्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देना है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। यह समारोह आज भी जारी रहेगा।

<><><><><><><>

परिवहन और आपूर्ति व्यवस्था में चल रही कठिनाई और नियमित जहाज सेवा उपलब्ध न होने के कारण प्रशासन ने कच्छाल द्वीप के निवासियों को सूचित किया है कि इस द्वीप पर घरेलू एल पी जी सिलेंडर की आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित हुई है। प्रशासन द्वारा एल पी जी आपूर्ति शीघ्र बहाल करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे है।

इस संबंध में कच्छाल द्वीप तक भरे हुए एल पी जी सिलेंडरों के व्यवस्था की जा रही है। तत्काल व्यवस्था के तौर पर, भारतीय नौसेना का एक जहाज़ अगले 6 दिनों के भीतर श्री विजयपुरम से भरे हुए घरेलू LPG सिलेंडर पहुँचाएगा, जिससे LPG सप्लाई को फिर से शुरू करने और निवासियों की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने कच्छाल द्वीप के निवासियों से इस अवधि के दौरान सहयोग की अपील की है।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप जहाज़ आज सुबह 10 बजे वाइज़ाग के लिए रवाना होगा। यात्रियों के जहाज़ पर चढ़ाने का कार्य सुबह 9 बजे तक किया जाएगा। जहाज हैड्डों जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग ने कल मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में द्वीपों पर मछली उत्पादन बढ़ाने, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने, रोज़गार पैदा करने और टिकाऊ जलीय कृषि को बढ़ावा देने में मत्स्य किसानों के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मत्स्य पालन निदेशक जगताप कल्याणी राजेंद्र ने किया। इस मौके पर दक्षिण अंडमान के मत्स्य किसान, क्षेत्रीय मत्स्य अधिकारी, सागर मित्र और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए, मत्स्य पालन निदेशक ने वैज्ञानिक जलीय कृषि पद्धतियों को अपनाने में द्वीप समूह के मत्स्य किसानों के समर्पण, दृढ़ता और उद्यमशीलता की भावना की सराहना की। इस दौरान 18 मत्स्य किसानों को भारतीय प्रमुख कार्प मछली के बीज प्रदान किए गए। साथ ही केज कल्चर और झींगा पालन से जुड़े उद्यमियों में तटीय जलीय कृषि पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से कल दक्षिण अंडमान और मध्योत्तर अंडमान के दो पायलट जिलों में फर्टिलाइज़र सेल फ्रेमवर्क का पायलट रोल–आउट शुरू किया गया। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वीप समूह में सब्सिडी वाले उर्वरकों के पारदर्शी, कुशल और किसान–अनुकूल वितरण को सुनिश्चित करने के लिए विकसित किया गया है। FFS एक मोबाइल एप्लिकेशन को पॉइंट ऑफ़ सेल सिस्टम और इंटीग्रेटेड फर्टिलाइज़र मैनेजमेंट सिस्टम के साथ जोड़ता है।

इससे किसान रिज़र्व स्टॉक से पहले से उर्वरक बुक कर सकते हैं, QR कोड/टोकन जेनरेट कर सकते हैं और तय सब–डिपो से आसानी से उर्वरक खरीद सकते हैं। लॉन्च से पहले, विभाग ने पूरे द्वीप समूह में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें किसानों, पंचायती राज संस्थान के सदस्यों, स्वयं सहायता समूह, PACS, FPO, किसान मित्रों, उर्वरक विक्रेताओं और विस्तार कर्मियों ने भाग लिया। विभाग ने किसानों से FFS प्लेटफॉर्म का उपयोग करने और नई डिजिटल प्रणाली का लाभ उठाने की अपील की है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने आम जनता को सूचित किया है कि प्रेम नगर, वार्ड नंबर 7 में शमशान घाट के पास समुद्र तट की सफाई के लिए एक एक्सकेवेटर का इस्तेमाल किया जाएगा। सफाई का काम समुद्र में ज्वार–भाटा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। इस संबंध में, आस–पास के इलाकों के सभी निवासियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस दौरान किसी भी नुकसान से बचने के लिए स्वयं और अपने सामानों की सुरक्षा करें। इसके अलावा, मछली पकड़ने वाली नावों के सभी मालिकों से भी अपनी नावों को समुद्र से कम से कम 20 मीटर की दूरी पर ले जाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए मुख्यभूमि के संस्थानों और कॉलेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों के नामांकन के लिए आवेदन करने वाले पात्र उम्मीदवारों के अनंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। जो कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर उपलब्ध है। इस संबंध में दावे व आपत्तियां सोलह जुलाई तक शाम पांच बजे तक सचिवालय स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय के सहायक सचिव के पास जमा किए जा सकते है।

<><><><><><><>